


# सप्तदश बिहार विधान सभा

## पंचम सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-04 वृहस्पतिवार, दिनांक-03 मार्च, 2022 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.55 बजे अपराह्न तक ।

**[1] प्रश्नकाल :-**

(i) 04 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न संख्या-15 वित्त विभाग में स्थानांतरित ।
(iii) 01 अल्पसूचित प्रश्न अनागत ।
(iv) 14 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(v) 134 तारांकित प्रश्न अनागत ।

अल्पसूचित प्रश्न संख्या-17 के निस्तारण के दौरान आसन द्वारा माननीय प्रभारी मंत्री को निदेश दिया गया कि प्रश्नगत विषय पर चलते सत्र में जानकारी उपलब्ध करायें ।

**[2] कार्य स्थगन प्रस्ताव :-**

माननीय सदस्य श्रीमती प्रतिमा कुमारी, श्री महबूब आलम, श्री सत्यदेव राम, श्री अमरजीत कुशवाहा, श्री मनोज मंजिल, श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव एवं श्री रामबली सिंह यादव द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किये जाने की घोषणा की गई ।

**[3] शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | श्री इजहारूल हुसैन | (ii) | श्री मोहम्मद कामरान |
| (iii) | श्री ललन कुमार | (iv) | श्री पवन कुमार यादव |
| (v) | श्री कुंदन कुमार | (vi) | श्री अरूण सिंह |
| (vii) | श्री समीर कुमार महासेठ | (viii) | श्री अजीत कुमार सिंह |
| (ix) | श्री अवध विहारी चौधरी | (x) | श्री मिथिलेश कुमार |
| (xi) | श्री पवन कुमार जायसवाल | (xii) | श्री मुकेश कुमार यादव |
| (xiii) | श्रीमती शालिनी मिश्रा | (xiv) | श्री मनोज मंजिल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (xv) | श्री बीरेन्द्र कुमार | (xvi) | श्री आलोक कुमार मेहता |
| (xvii) | श्री संजय सरावगी | (xviii) | श्री सुधाकर सिंह |
| (xix) | श्री मुरारी प्रसाद गौतम | (xx) | श्री राजेश कुमार गुप्ता |
| (xxi) | श्री भरत बिन्द | (xxii) | श्रीमती नीतु कुमारी |
| (xxiii) | श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव | (xxiv) | श्री संजय कुमार गुप्ता |
| (xxv) | श्री रामबली सिंह यादव | (xxvi) | श्री सत्यदेव राम |
| (xxvii) | श्री शमीम अहमद | (xxviii) | श्री अमरजीत कुशवाहा |
| (xxix) | श्री अजय कुमार | (xxx) | श्री मुहम्मद इजहार असफी |
| (xxxi) | श्री सुदामा प्रसाद | (xxxii) | श्री राम चन्द्र प्रसाद |
| (xxxiii) | श्री संदीप सौरभ | (xxxiv) | श्री विद्या सागर केशरी |
| (xxxv) | श्री छत्रपति यादव | (xxxvi) | श्री अरूण शंकर प्रसाद |
| (xxxvii) | श्री मोती लाल प्रसाद | (xxxviii) | मोहम्मद अंजार नईमी |
| (xxxix) | श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता | (xl) | श्री गोपाल रविदास |
| (xli) | श्री मनोज कुमार यादव | (xlii) | श्री मिश्री लाल यादव |
| (xliii) | श्री ललित नारायण मंडल | (xliv) | श्री मुरारी मोहन झा |
| (xlv) | श्री विजय कुमार | (xlvi) | श्री विजय कुमार खेमका |
| (xlvii) | श्री रामवृक्ष सदा | (xlviii) | श्री जय प्रकाश यादव |
| (xlix) | श्री भूदेव चौधरी | (l) | श्री विनय कुमार |
| (li) | श्री कृष्णनंदन पासवान | (lii) | श्री रणविजय साहू |
| (liii) | श्री मोहम्मद इसराईल मंसूरी | (liv) | श्री मोहम्मद नेहालउद्दीन |
| (lv) | डॉ० सी०एन० गुप्ता | (lvi) | श्री अजय कुमार सिंह |
| (lvii) | श्रीमती संगीता कुमारी | (lviii) | श्री संतोष कुमार मिश्र |
| (lix) | श्री ऋषि कुमार | (lx) | श्रीमती मंजु अग्रवाल |
| (lxi) | श्रीमती रश्मि वर्मा | (lxii) | श्री भीम कुमार सिंह |

माननीय सदस्य श्री संजय सरावगी के शून्यकाल की सूचना पर आसन द्वारा इसे अति गंभीर मानते हुए माननीय मंत्री संसदीय कार्य विभाग को इसका संज्ञान लेने का निदेश दिया गया ।

शून्यकाल की समाप्ति के उपरान्त माननीय सदस्य श्री लालबाबू प्रसाद गुप्ता द्वारा आसन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा गया कि बिहार विधान सभा के चलते सत्र के दरम्यान माननीय सदस्यों के विधान सभा क्षेत्रों में प्रखंड अथवा पंचायत स्तर पर किसी प्रकार की बैठक का आयोजन न हो क्योंकि सत्र में उपस्थित रहने के कारण माननीय सदस्यों को ऐसी बैठकों में सम्मिलित होने से वंचित होना पड़ता है ।

आसन द्वारा इस विषय का संज्ञान लिया गया ।

तदुपरान्त माननीय मंत्री, पंचायती राज विभाग श्री सम्राट चौधरी द्वारा इस संबंध में शनिवार को बैठक आयोजित करने संबंधी पत्र निर्गत करने का आश्वासन दिया गया ।

**[4] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-**

(i) माननीय सदस्य डॉ० संजीव कुमार एवं अन्य सभासदों का स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य डॉ० संजीव कुमार द्वारा पढ़ा गया एवं माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, श्री मंगल पाण्डेय द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री द्वारा कहा गया कि अभी यह मामला तो हाल में ही प्रकाश में आया है कि देश के भिन्न-भिन्न राज्यों से इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थी मेडिकल की पढ़ाई के लिए किसी दूसरे देश जाते हैं । यह एक राष्ट्रीय स्तर का मामला है क्योंकि मेडिकल की प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय स्तर पर ही की जाती है । चाहे सरकारी मेडिकल कॉलेज हो या प्राईवेट, सब के लिए उसी परीक्षा से एडमिशन होता है । जिन्हें परीक्षा नहीं देनी होती है, वे बाहर जा रहे हैं । यह तो राष्ट्रीय स्तर पर ही सोचा जाएगा कि हमारे राज्य के बच्चे यहाँ के बजाय दूसरे देशों में मेडिकल पढ़ने के लिए जाते हैं, क्या उनको ये सुविधा इतनी ज्यादा है तो यहाँ क्या किया जा सकता है कि किसी को बाहर जाने की जरूरत न हो ।

(ii) माननीय सदस्य श्री अवध विहारी चौधरी एवं अन्य सभासदों का ग्रामीण कार्य विभाग/पथ निर्माण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री अवध विहारी चौधरी द्वारा पढ़ा गया एवं माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, श्री जयंत राज द्वारा दो विभागों से संबंधित होने के फलस्वरूप उत्तर के लिए समय की मांग की गयी ।

**[5] समिति का प्रतिवेदन :-**

माननीय सभापति, राजकीय आश्वासन समिति श्री दामोदर रावत द्वारा समिति का 302वाँ, 313वाँ एवं 314वें प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 03.50 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

**[6] वित्तीय कार्य :-**

(1) माननीय उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक से संबंधित तृतीय अनुपूरक व्यय विवरण का उपस्थापन सदन पटल पर किया गया ।

(2) वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक पर सामान्य विमर्श में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया:-

(i) श्री आनन्द शंकर सिंह
(ii) श्री संजीव चौरसिया
(iii) श्री संदीप सौरभ
(iv) सुश्री श्रेयसी सिंह
(v) श्री मनोज मंजिल
(vi) श्री ललित नारायण मंडल

(इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(vii) श्री सुर्यकान्त पासवान
(viii) श्रीमती ज्योति देवी
(ix) श्री रामविलास कामत
(x) श्रीमती स्वर्णा सिंह
(xi) डॉ० सत्येन्द्र यादव

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xii) श्री अनिल कुमार साहनी

**(वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक पर सामान्य विमर्श कल दिनांक 04.03.2022 को भी जारी रहेगा ।)**

**[7] निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 40 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक-04 मार्च, 2022 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-03.03.2022

**शैलेन्द्र सिंह**
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।